दिनांक : 16/04/2026 समय :7.10एएम

प्रादेशिक समाचार एकांश

आकाशवाणी, भोपाल

मुख्य समाचार :-

- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु आज महाराष्ट्र के वर्धा में सेवाग्राम आश्रम का दौरा करेंगी।
- महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण दिलाने के लिए संसद का तीन दिवसीय विशेष सत्र आज से शुरू, सरकार पेश करेगी तीन संशोधन विधेयक।
- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज नई दिल्ली में ऑस्ट्रिया के चांसलर डॉ. क्रिश्चियन स्टॉकर से करेंगे मुलाकात।
- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज सिवनी मालवा में 972 करोड़ की लागत से बनने वाले नर्मदापुरम-टिमरनी मार्ग का करेंगे भूमि-पूजन।

राष्ट्रपति दौरा- वर्धा

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु आज महाराष्ट्र के वर्धा जिले में स्थित सेवाग्राम आश्रम का दौरा करेंगी, जहां महात्मा गांधी ने अपने जीवन के कई साल बिताए थे। वे वर्धा स्थित महात्मा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय के छठे दीक्षांत समारोह को भी संबोधित करेंगी। इससे पहले कल नागपुर में उन्होंने भारतीय राजस्व सेवा के 78वें बैच के विदाई समारोह में कहा कि कर प्रणाली केवल राजस्व जुटाने का जरिया नहीं, बल्कि सरकार और नागरिकों के बीच भरोसे की कड़ी भी है।

पीएम- ऑस्ट्रिया चांसलर मुलाकात

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज नई दिल्ली में ऑस्ट्रिया के चांसलर डॉ. क्रिश्चियन स्टॉकर से मुलाकात करेंगे और आपसी हित के मुद्दों पर चर्चा करेंगे। चांसलर स्टॉकर की यह भारत की पहली यात्रा है और उनके साथ एक उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल भी आया है।

संसद विशेष सत्र- नारी शक्ति वंदन

संसद का तीन दिवसीय विशेष अधिवेशन आज से शुरू हो गया है जो 18 अप्रैल तक चलेगा। इस सत्र में नारी शक्ति वंदन अधिनियम को लागू करने के लिए सरकार तीन संशोधन विधेयक पेश करेगी, जिसमें लोकसभा और विधानसभाओं में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने का प्रावधान है। विपक्ष महिला आरक्षण के पक्ष में है लेकिन कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने इसे राजनीति से प्रेरित बताते हुए विधेयक लाने के तरीके पर आपत्ति जताई है। कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने कहा कि विपक्षी दल परिसीमन के प्रावधानों का लोकसभा और राज्यसभा दोनों में विरोध करेंगे।

मुख्यमंत्री- नारी शक्ति वंदन

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कल भोपाल के रवींद्र भवन में आयोजित ‘‘नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम-प्रबुद्ध जन सम्मेलन‘‘ को संबोधित किया। डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में महिलाओं के राजनीतिक सशक्तिकरण का नया युग शुरू हो रहा है। उन्होंने कहा कि जब विधानसभाओं और लोकसभा में 33 प्रतिशत महिला आरक्षण लागू होगा, वह दिन देश के लिए होली-दीवाली एक साथ मनाने जैसा होगा।

बाइट-मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री ने रानी दुर्गावती और लोकमाता देवी अहिल्याबाई होल्कर का उल्लेख करते हुए कहा कि महिला नेतृत्व में संवेदनशीलता और नवाचार के कई उत्कृष्ट उदाहरण हमारे सामने हैं।

नारी शक्ति वंदन-रन

युवा मामले और खेल मंत्रालय 17 और 18 अप्रैल को देश के सात प्रमुख शहरों में ‘‘नारी शक्ति वंदन रन‘‘ का आयोजन करेगा। दिल्ली, मुंबई, इंदौर, बेंगलुरु और कटक में यह दौड़ 18 अप्रैल को, जबकि पटना और जयपुर में 17 अप्रैल को होगी। 2 से 3 किलोमीटर की इस दौड़ में छात्राओं, पेशेवर महिलाओं, उद्यमियों और खिलाड़ियों समेत विभिन्न वर्गों की महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी।

उद्योग मंत्री- रिकॉर्ड निर्यात

केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने बताया कि भारत ने वित्त वर्ष 2025-26 में 860 अरब अमेरिकी डॉलर का रिकॉर्ड निर्यात हासिल किया है। उन्होंने कहा कि वैश्विक चुनौतियों के बावजूद यह उपलब्धि देश की मजबूत अर्थव्यवस्था और वैश्विक व्यापार में बढ़ती साख को दर्शाती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में किए गए नौ व्यापार समझौते नए बाजार खोलने और निर्यात की रफ्तार को और तेज करने में मददगार साबित हो रहे हैं।

मुख्यमंत्री- सिवनी मालवा दौरा

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज सिवनी मालवा में 972 करोड़ रुपए से अधिक की लागत से बनने वाले नर्मदापुरम-टिमरनी मार्ग के उन्नयन एवं पुनर्निर्माण कार्य का भूमि-पूजन करेंगे। इस दौरान वे कृषि उपज मंडी में आयोजित कार्यक्रम में 106 करोड़ रुपए से अधिक के विभिन्न कार्यों का लोकार्पण और भूमि-पूजन भी करेंगे। मुख्यमंत्री सबसे पहले दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर में पूजन-अर्चन करेंगे और उसके बाद शहर में रोड शो भी करेंगे। कार्यक्रम में विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों को हितलाभ का वितरण भी किया जाएगा।

गैस आपूर्ति- गोविंद सिंह राजपूत

प्रदेश के खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री गोविंद सिंह राजपूत का कहना है कि राज्य में एलपीजी, पेट्रोल, डीजल, पीएनजी और सीएनजी का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है। एलपीजी की कालाबाजारी रोकने के लिए अब तक 2 हजार 932 जगहों पर जांच की गई और 4400 सिलेंडर जब्त किए गए. वहीं 11 मामलों में एफआईआर दर्ज की गई है। मंत्री ने लोगों से अपील की कि जहां पीएनजी पाइपलाइन बिछ चुकी है, वहां के उपभोक्ता पीएनजी कनेक्शन जरूर लें क्योंकि यह पूरी तरह सुरक्षित और सुविधाजनक है।

मुख्यमंत्री- बधाई

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कल हाई स्कूल बोर्ड परीक्षा में प्रदेश में पहला स्थान पाने वाली पन्ना जिले की छात्रा प्रतिभा सिंह को वीडियो कॉल कर बधाई दी। प्रतिभा रोज सात-आठ घंटे पढ़ाई करती थीं और उनका सपना प्रशासनिक सेवाओं में जाने का है।

गांव की बेटी और प्रतिभा किरण योजना-पोर्टल

प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री इन्दर सिंह परमार के निर्देश पर उच्च शिक्षा विभाग ने गांव की बेटी और प्रतिभा किरण योजना का स्कॉलरशिप पोर्टल 2.0 दोबारा खोल दिया है। शैक्षणिक सत्र 2025-26 में जो छात्राएं किसी कारण से इन योजनाओं का लाभ नहीं ले पाई थीं, वे अब फिर से आवेदन कर सकती हैं। गांव की बेटी योजना ग्रामीण और प्रतिभा किरण योजना शहरी क्षेत्र की बेटियों को उच्च शिक्षा के लिए आर्थिक मदद देती है। पोर्टल पर आवेदन करने की आखिरी तारीख 15 मई है।

"कृषि सखियों की पाठशाला" इंदौर

इंदौर जिले के महू जनपद में एक अनोखी पहल शुरू हुई है जहां स्व-सहायता समूह की महिलाएं "कृषि सखियों की पाठशाला" के जरिए किसानों को प्राकृतिक खेती, किचन गार्डन और आधुनिक कृषि तकनीकें सिखा रही हैं। अब तक 50 से अधिक गांवों में 100 से ज्यादा ऐसी पाठशालाएं चल चुकी हैं और 100 से अधिक किसान परिवारों को किचन गार्डन विकसित करने के लिए प्रेरित किया जा चुका है। इसके साथ ही महिलाएं 34 प्रोड्यूसर कंपनियों के जरिए गेहूं, मूंग और आलू जैसी फसलों की खरीदी और बिक्री में भी सक्रिय भूमिका निभा रही हैं।

मौसम का हाल

अब बात मौसम की। प्रदेश के 16 जिलों में आज हीट वेव यानी लू की चेतावनी जारी की गई है, जो इस सीजन में पहली बार इतने बड़े पैमाने पर अलर्ट है। रतलाम, झाबुआ, धार, खरगोन, बुरहानपुर, खंडवा, हरदा, नर्मदापुरम, बैतूल समेत कई जिले अगले चार दिन तक गर्म हवाओं की चपेट में रहेंगे।

रतलाम जिले में गर्मी ने अपना भीषण रूप दिखाना शुरू कर दिया है।

शतरंज- आर वैशाली

शतरंज में भारत की ग्रैंडमास्टर आर. वैशाली ने साइप्रस में आयोजित फिडे महिला कैंडिडेट्स टूर्नामेंट का खिताब जीत लिया है। 24 वर्षीय वैशाली ने अंतिम दौर में रूस की कटेरीना लैग्नो को हराते हुए 14 में से साढ़े आठ अंक हासिल किए और इस साल होने वाली विश्व शतरंज चैंपियनशिप में जगह बना ली।

आईपीएल

आईपीएल में कल रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने लखनऊ सुपर जायंट्स को पांच विकेट से हरा दिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए लखनऊ की टीम इस सत्र के अपने सबसे कम स्कोर 146 पर ऑल आउट हो गई, जिसमें मिशेल मार्श ने सर्वाधिक 40 रन बनाए। वहीं आज मुंबई इंडियंस और पंजाब किंग्स के बीच वानखेड़े स्टेडियम में शाम साढ़े सात बजे मुकाबला होगा।

अब कुछ समाचार संक्षेप में :-

- ओंकारेश्वर में 17 से 21 अप्रैल तक "आचार्य शंकर प्रकटोत्सव" के उपलक्ष्य में पंच दिवसीय "एकात्म पर्व" का भव्य आयोजन किया जाएगा।
- नारी शक्ति वंदन पखवाड़ा के अंतर्गत आगरमालवा कलेक्टर सभाकक्ष में कल जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया गया।
- गुना में 24 अप्रैल तक चार्ज स्तरीय जनगणना प्रशिक्षण का आयोजन किया जा रहा है। कल उत्कृष्ट विद्यालय में कलेक्टर ने जनगणना कर्मियों के प्रशिक्षण कार्य जायजा लिया।
- शासकीय चंद्र विजय महाविद्यालय डिंडौरी में "नारी शक्ति वंदन सम्मान" विषय पर निबंध लेखन एवं व्याख्यान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।
- नरसिंहपुर में जनगणना 2027 के लिए तीन दिवसीय प्रशिक्षण कल से नगर पालिका परिषद नरसिंहपुर में प्रारंभ हुआ।
- इंदौर जिले में दिव्यांगजनों को बाधारहित वातावरण उपलब्ध कराने के लिए सुगम्य इंदौर अभियान प्रारंभ किया जा रहा है। यह अभियान दो चरणों में चलेगा।
- मंडला जिले में कृषक कल्याण वर्ष 2026 के तहत सहकारिता विभाग एवं अपेक्स बैंक द्वारा नवीन सदस्यता अभियान का शुभारंभ किया गया।

-------------